कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)

E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / 12059 / 2020 रीवा, दिनांक : 29 / 07 / 2020

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना–सत्र 2020–21

शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश प्रक्रिया के लिये ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 05.08.2020 को प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रवेश हेतु इच्छुक ऐसे प्रवेशार्थी जो सत्र 2019–20 में "A" ग्रेड या अधिक ग्रेड में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण हैं, mponline के osms पोर्टल पर अथवा विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन आवेदन जमा कर सकते हैं। पंजीयन एवं प्रवेश से संबंधित दिशा निर्देश, प्रक्रिया एवं समय सारणी निम्नानुसार है :–

(1) दिशा निर्देश :–

1. कोविड–19 महामारी से निर्मित परिस्थितियों एवं संभावित स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये केवल सत्र 2020–21 के लिये कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु "A" ग्रेड या अधिक ग्रेड धारित करने वाले प्रवेशार्थियों को ''पहले आओ, पहले पाओ'' (First Come, First Serve) के नियम से ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों को मेरिट अनुसार (ग्रेड आधारित) प्रवेश दिया जावेगा।
2. कक्षा 9वीं में सत्र 2020–21 हेतु हिन्दी माध्यम के लिये 120 सीट तथा अंग्रेजी माध्यम के लिये 120 सीट निर्धारित की गयी है।
3. कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों की संख्या से अधिकतम दो गुना प्रवेशार्थियों को निर्धारित अवधि में पंजीयन हेतु ऑनलाइन अवसर प्रदान किया जावेगा। पंजीयन फार्म का शुल्क रु. 100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।
4. ऑनलाइन पंजीयन हेतु निर्धारित सीट से दो गुना (240–240 पृथक–पृथक माध्यमवार) पंजीयन पूर्ण होते ही अथवा निर्धारित समयावधि पूर्ण होते ही ऑनलाइन पंजीयन की लिंक एवं प्रक्रिया बंद हो जावेगी।
5. ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों में से चयनित प्रवेशार्थियों को एम.पी. ऑनलाइन द्वारा जारी किये गये एप्लीकेशन नम्बर का उपयोग कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं शुल्क जमा करना होगा तथा दस्तावेजों का सत्यापन संस्था में करवाना होगा।

(2) चयन प्रक्रिया :–

1. ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों की सूची में से ग्रेड आधारित मेरिट अनुसार सबसे पहले पंजीकृत 120–120 आवेदकों की माध्यमवार पृथक–पृथक प्रवेश हेतु चयन सूची ऑनलाइन प्रसारित की जावेगी, चयनित प्रवेशार्थियों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं प्रवेश हेतु देय शुल्क जमा कर दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।
2. प्रवेश हेतु चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने अथवा ऑनलाइन एडमिशन फार्म में असत्य जानकारी अंकित करने एवं नकली / फर्जी दस्तावेज अपलोड करने पर प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा एवं जमा किया गया शुल्क वापस किये जाने योग्य नहीं होगा।
3. निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने अथवा अन्य कारणों से रिक्त हुई सीटों पर मेरिट क्रमांक 121 से प्रारम्भ कर रिक्त संख्या तक के ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों का चयन प्रवेश हेतु किया जावेगा। रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया की जानकारी दिनांक 11.08.2020 को ऑनलाइन प्रसारित की जायेगी।

(3) समय सारणी :–

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म / एडमिशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/ एव mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA पर उपलब्ध है। पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय सारणी निम्न है :–

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि एवं समय	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की तिथि	पंजीकृत आवेदकों की सूची एवं प्रवेश हेतु चयन सूची के प्रकाशन की तिथि	चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा ऑनलाइन एडमिशन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की अवधि	चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा सत्यापन हेतु ऑनलाइन भरा गया फार्म एवं संलग्न किये गये दस्तावेज विद्यालय में जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करने की अवधि
05.08..2020 को प्रातः 11:00 बजे से	निर्धारित सीट से दो गुना पंजीयन होने तक अथवा 06.08.2020 को प्रातः 11:00 बजे तक जो स्थिति पहले हो	06.08.2020 को सायं 5:00 बजे	06.08.2020 को सायं 6:00 बजे से 10.08.2020 को सायं 5:00 बजे तक	07.08.2020 को दोपहर 12:00 बजे से 10.08.2020 को सायं 6::00 बजे तक

प्राचार्य

आदर्श उ.मा.वि.

सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)

प्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)